<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के प्रयासों के प्रगति की समीक्षा की। कहा– लक्ष्य की सफलता के लिये हर विभाग को अपनी भूमिका का करना होगा निर्वहन।
2. केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने देश के पहले बकरी फार्म का किया शुभारम्भ। कहा– अत्याधुनिक बकरी फार्म से सशक्त होगा भारत का पशुधन और कृषि क्षेत्र।
3. आज से प्रदेश में शुरू होगी गेहूं की खरीद। प्रदेश भर में बनाये गये हैं छः हजार पांच सौ से अधिक क्रय केन्द्र।
4. भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के सत्तर जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की। पांच जिलों में महिला कार्यकर्ताओं को भी मिली जिम्मेदारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में बैठक कर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाये जाने के लिए जारी प्रयासों और अब तक के परिणामों की विभागवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की सफलता के लिए हर विभाग को अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। अपने पोटेंशियल को पहचानें और नए आयामों को विस्तार दें। श्री योगी ने कहा कि अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर पर विभागवार तय लक्ष्य की समीक्षा हर पखवाड़े में की जाए तथा मंत्री स्तर पर भी मासिक समीक्षा हो। समीक्षा बैठक में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति, अपनाई गई रणनीति और प्रभावों के हर पहलू पर विचार किया जाए और बेहतरी के लिए कार्ययोजना बनाकर लागू करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट आवंटन और उसके सापेक्ष हुए व्यय की स्थिति की समीक्षा भी की। साथ ही, जनहित में जारी विभिन्न परियोजनाओं की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के आधार पर अद्यतन प्रगति के बारे में भी विभागवार चर्चा की। श्री योगी ने कहा कि स्वास्थ्य सेक्टर से हर व्यक्ति प्रभावित होता है। सभी को समय पर और कम खर्च में इलाज सुलभ हो सके, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। मरीजों की सुविधा और डॉक्टरों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए नीतिगत सुधारों को आगे बढ़ाया जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गयी है। मीडिया ही लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों और प्रबुद्धजनों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय–समय पर अलग–अलग रूप में देखने को मिल रही है। विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ दो हजार पचीस की सफलता में मीडिया का योगदान सराहनीय रहा है।

***इतने बड़े आयोजन के रूप में दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के रूप में बदलने का काम मीडिया के सकारात्मक लेखनी ने किया है। और जब कोई आयोजन बड़ा होता है तो उसके भी परिणाम बहुत आयामी होते हैं। समाज को जोड़ने का आधार बना है एक भारत श्रेष्ठ भारत का तो आधार बना ही है लेकिन संस्कृति भी स्मृद्धि का कारण बन सकती है। आस्था भी आजीविका का माध्यम बन सकती है यह आपने देखा होगा। पहली बार यह भी देखने को मिला है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं तक सकारात्मक चीजें पहुंचायें। उन्होंने आश्वस्त किया कि मीडिया की सकारात्मक पहल और जरूरतों को पूरा करने के लिये सरकार उनके साथ है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर जिले का एक दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान श्री योगी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर के जनमंच सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के अंतर्गत 365 युवा उद्यमियों को ऋण वितरण का चेक प्रदान करेंगे। दौरे के तहत मुख्यमंत्री द्वारा मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही सर्किट हाउस में जनपद के विकास और कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की जायेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री मां शाकुम्भरी देवी का दर्शन करेंगे और मां शाकुम्भरी देवी पर्यटन योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री लखनऊ के योजना भवन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**********

केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने आगरा में स्थापित देश के पहले और सबसे बड़े अत्याधुनिक बकरी फार्म युवान् एग्रो फार्म एन्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट का कल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश का पहला हाईटेक गोट फार्म भारत के पशुधन और कृषि

क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। फतेहाबाद मार्ग स्थित बिजामई गांव में ढाई लाख वर्ग फुट जमीन पर स्थापित किये गए इस बकरी फार्म में पांच हजार से अधिक बकरे–बकरियां हैं ।

**********

उत्तर प्रदेश में रबी विपणन वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए आज से गेहूं खरीद शुरू होगी । यह पंद्रह जून तक चलेगी। इसके लिए छह हजार पांच सौ क्रय केंद्र बनाए गए हैं। एक रिपोर्ट–

***केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष से 150 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 275 रुपये प्रति कुंतल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर उनका भुगतान कर दिया जाये। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी। गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

**********

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने कल सत्तर नये जिला अध्यक्षों और कई जिलों में महानगर अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने पैंतालिस जिलों के जिलाध्यक्षों को बदल दिया है जबकि पचीस जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को ही दोबारा मौका दिया गया है। संगठन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ायी गयी है और पांच जिलों में महिलाओं को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के सभी नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्षों को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बधाई दी है।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज, पदाधिकारियों और न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक कल अयोध्या के मणिराम छावनी में सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष महंत गोविन्द देव गिरी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम छावनी के पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास ने की।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि श्रीराम मंदिर के निर्माण में अब तक दो हजार एक सौ पचास करोड रुपए का खर्च हो चुके हैं और उसका छानवे प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य निर्धारित समय दिसंबर दो हजार पचीस तक पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर ट्रस्टी स्वर्गीय कामेश्वर और श्रीराम मन्दिर के मुख्य पुजारी रहे स्वर्गीय आचार्य सत्येन्द्र दास को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

**********

संभल जिले की शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई कल से शुरू हो गई। मस्जिद के सद्र जफर अली एडवोकेट ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर सात दिन के अंदर मस्जिद की रंगाई पुताई का कार्य पूरा करना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले दिनों मस्जिद की पुताई और सजावट का आदेश दिया था । होईकोर्ट ने कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण–एएसआइ द्वारा की जाएगी।

**********

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित नेचर इंडेक्स रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***नेचर इंडेक्स एक वैश्विक मानक है जो प्राकृतिक विज्ञानों में उच्च–गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों को ट्रैक करता है। 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 की अवधि के लिए, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपलब्धियाँ हमारे संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।***

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल और उन्नीस मार्च को प्रदेश में बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इक्कीस और बाइस मार्च को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है। इस बीच, पीलीभीत जिले में बीती आधी रात से हुई हल्की बूंदाबांदी से मौसम सर्द हो गया।

**********